सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## माता ने की अपने पंसस प्रत्याशी बेटे का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, विजयी भवः का दिया आशीर्वाद

### बरही पश्चिमी पंचायत की जनता के मान सम्मान के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दूंगा : कपिल केशरी




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी का चुनावी कार्यालय हजारीबाग रोड बरही में शनिवार को खुला। कार्यालय का उद्घाटन कपिल प्रसाद केशरी की माता पतनी देवी, पत्नी प्रियंका आनंद, समाजसेवी विजय गोप एवं प्रत्याशी कपिल प्रसाद केशरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर माता पतनी देवी ने अपने पुत्र को विजयी भवः का आशीर्वाद दिया। मौके पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि इस चुनाव में मैं बरही पश्चिमी पंचायत के जनता के साथ साथ प्रखंड की जनता की सेवा करने के लिए आया हूँ। कहा कि अपने पंचायत की जनता के मान सम्मान को कभी कम नही होने दूंगा। पंचायत के विकास के लिए हर ओ काम कराएंगे, जो उनका हक बनता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सिचाई एवं रोजगार पर विशेष ध्यान रहेगा। लघु एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देकर महिला सश. क्तिकरण पर जोर दिया जाएगा। मौके पर विजय गोप, मुकेश कुमार, टिंकू पासवान, जीतू कुमार, जितेंद्र केशरी, गुड्डू केशरी, सुबोध केशरी, पप्पू केशरी, सोनू केशरी, सोमनाथ ठाकुर, रोहित पासवान, रवि सिंह, पंकज पासवान, संतोष ठाकुर, सोनू रविदास सहित कई लोग मौजूद थे।





मत-पत्र (बैलेट-पेपर) का नमूना

| क. सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव - चिन्ह |
|---|---|---|
| 1 | अब्दुल अंसारी उर्फ संजय |  |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |

निवेदक - समस्त मतदातागण...।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## मिडिया कर्मियों के लिए स्पेशल ए ओ एल प्रोग्राम का समापन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




हजारीबाग। मिडिया कर्मियों के लिए विशेष रुप से आयोजित छः दिवसीय स्पेशल एओएल प्रोग्राम का आज शुभ समापन हो गया। आकाशवाणी हजारीबाग के कर्मियों और अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।इस शिविर के माध्यम से व्यक्ति में शारीरिक, मान. सिक और भावनात्मक स्तर पर लोगों को मजबूत किया जाता है।शरीर के सातों स्तर पर एक साथ कार्य करना इस कार्यशाला की विशेषता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपनी राय व्यक्त की और इसके फायदे बताये। आकाशवाणी प्रमुख श्री अभ्रो चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार चलाते रहने कि आवश्यकता है।इससे समाज में लोगों को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए एक सही मार्गदर्शन मिलता है। लोगों में अच्छे चरित्र का निर्माण होता है। डिप्रेशन, आदि शारीरिक व्याधियां नियंत्रण में आ जाती है।इस कार्यक्रम में सेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत भिक्षुको को नहाने का साबुन और कपड़े धोने का पाउडर प्रदान किया गया तथा सफाई के महत्व को समझाया गया।इस कार्यक्रम में अनामिका सिंह, अंजली सिन्हा, ममता प्रसाद, विश्वनाथ सोनी,अतुल प्रियदर्शन, आंचल अग्रवाल, सविता देवी,गीता अग्रवाल,आयुष राज, अनिता जैन आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा एवं तारकेश्वर सोनी द्वारा किया गया।

## जनसंपर्क करने घियाही पहुंची बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रत्याशी संजू देवी सड़कों की स्थिति देखकर हुई दुःखी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही पश्चिमी भाग – 4 से जिला परिषद पद की उम्मीदवार श्रीमती संजू देवी एवं समाजसेवी श्री भगवान केशरी का विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क जोरों पर है। जन. संपर्क अभियान के दौरान आज अमरुतवा, केदारूत, घियाही ग्राम का दौरा किया तथा लोगों से संपर्क कर पीला बैलेट पेपर के क्रम संख्या 9 बाल्टी छाप पर मुहर लगा कर विजय बनाने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों को बताया कि वो शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण आवास, लघु उद्योग आदि पर कार्य करते हुए लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेंगी। घियाही गांव की सड़कों को देख कर वो बहुत दुखी हुई उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि अगर वो चुनाव जीत कर आती हैं तो वहाँ के सड़कों के निर्माण व मरम्मत उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सभी ग्रामीणों ने उनके पक्ष में मतदान करने का आश्वासन देते हुए उन्हें जीत कर सभी कार्यों को पूरा करने का आशिर्वाद दिया।















## संपादकीय

# आई ए एस पूजा सिंघल भारतीय प्रशासनिक सेवा का काला सच : कृष्णा प्रजापति

IAS हिंदुस्तान में यह शब्द पावर और भ्रष्ट्राचार का प्रतीक बन चुका है। आई ए एस ऑफिसर्स अमूमन वही लोग बनते हैं जो असाधारण प्रतिभा सम्पन्न होते हैं। असीम शक्तियां इन्हें प्रोटोक०ल के द्वारा प्राप्त होती है।जब एक ईमानदार और तेज तर्रार IAS किसी जिले का उपायुक्त बनता है तो विकास की गंगा बहा देता है, जिले की जनता के जीवन स्तर और सुविधाओं का अंबार लगा देता है और जनता उन्हें सर आंखों पर बैठाती है।यही वजह रही होगी कि पहले के दौर में स । को काफी मान सम्मान जनता से मिलता था।वर्तमान दौर पूजा सिंघल,रवि रंजन जैसे भ्रस्टाचार में गले तक डूबे हुए नई पीढ़ी के IAS लॉबी का है जो अपनी विलक्षण प्रतिभा का इस्तेमाल भ्रस्टाचार के द्वारा अकूत संपत्ति हासिल करने की होती है।कोई मनरेगा में लूट मचाता है,कोई वन भूमि को बेच देता है,कोई बड़े बड़े सागवान के पेड़ बेच देता है, कोई नियमों को ताक पर रख कर माइ. निंग और शराब के ठेके अपने चहेतों और धनकुबेरों के नाम कर देता है । मजे की बात यह है कि ऐसे IAS किसी भी सरकार में मलाईदार पदों पर बने रहते हैं,प्रमोशन पाते हैं और अपनी राजनीतिक पहुंच के बदौलत पद का दुरुपयोग करके अकूत संपत्ति अर्जित करते हैं। पूजा सिंघल अपने बंततपमत के शुरुआती वर्षों से ही तेज तर्रार थीं और बहुत ंउइपजपवने महिला थीं । बहुत जल्दी ही उनकी समझ मे आ गया कि अकूत संपत्ति हासिल करनी है तो सत्ता और सत्ताधारी नेताओं से नजदीकियां बनानी होगी।यही वजह रही कि तमाम घोटाले और भ्रष्ट्राचार के आरोपों के बाबजूद पूजा सिंघल पर कोई कार्यवाही तो दूर ,इन्हें मनचाहा पद और विभाग मिलता रहा,भले ही हमसफर IAS राहुल पुरवार का साथ छूट गया।खैर यह तो इनका निजी मामला है। आज एक आम नागरिक को पांच हज़ार बैंक लोन की क़िस्त नही भरने पर जेल हो जाती है जबकि पूजा सिंघल जैसे आर्थिक अपराधी लाल बत्ती लगी गाड़ियों में घूमते हैं और झारखंड के गरीब और बदहाल जनता के पैसे पर मौज करते हैं।विडंबना यह है कि जनता का आक्रोश इनके जैसे लुटेरों के खिलाफ नहीं मुखर होता है और न ही पै। एसोसिएशन इन्हें अलग थलग करता हुआ दिखाई तक नही देता है जबकि एसे IAS अधिकारी पूरे IAS कैडर को ही बदनाम करता है ।कई एसे कर्मठ और ईमानदार IAS हैं जिन्हें ऐसी पहल करनी चाहिए और एसे भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए,उनका बायकॉट करना चाहिए। राजनीतिक संरक्षण देने वाले नेताओं से कोई उम्मीद नही करनी चाहिए क्योंकि एसे भ्रष्ट IAS ही तो उनके सतरंज के बिसात के मुहरे हैं जिनकी बदौलत उन्हें भी अकूत संपत्ति अर्जित करने का मौका मिलता है। जबाबदेही तो लाल बहादुर IASप्रशिक्षण संस्थान दे. हरादून की भी बनता है जो इन असाधारण प्रतिभावान कैडेट्स में अच्छे संस्कार दे पाने में असफल साबित हुआ है। अगर पूजा सिंघल जैसे भ्रस्ट IAS से निजात नही मिलती है तो खामियाजा आम गरीब जनता का ही भुगतना होगा जो इस उम्मीद में रहते हैं कि सरकारी योजनायों को पूजा सिंघल जैसे आईएएस इनके तक पहुचाएंगे और इनका जीवन स्तर और जीविका बेहतर होगा। कठोर सत्य यह भी है कि पूजा सिंघल को बचाने के लिए कई लोबियाँ सक्रिय हो चुकी होगी और हफ्ते दो हफ्ते की गहमा गहमी के बाद ये मामला जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में चली जायेगी और आश्चर्य नही होगा कि पूजा सिंघल प्रोनत्ति पा कर मुख्य सचिव भी बन जाएगी।आखिर 25 –50 कऱोड नगद कला धन का पावर कब काम आएगा







# बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न बूथों एवं क्लस्टर का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




पंचायत चुनाव को लेकर स्थानीय प्रशासन मुस्तैद है। अपने स्तर से चुनाव सम्पन्न करवाने में किसी भी प्रकार को परेशानी नहीं हो इसके लिए अभी से लगातार सभी बूथों एवं क्लस्टर प्वाइंटो का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बरही प्रखंड के खैरोन, धोबियाटांड़, गौरियाकरमा, बिचकिला एवं बनगावा के बूथों का निरीक्षण करने अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे। साथ ही साथ उन्होंने निरीक्षण में पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, लाइट, सुरक्षा, पोलिंग एजेंटो को बैठने की व्यवस्था, वोट डालने की जगह समेत अन्य चीजों की बारीकी से जानकारी ली। मौके पर जेपीएस सावना मांझी समेत अन्य लोग मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## खोड़ाहर मुखिया प्रत्याशी अनिता देवी ने किया जनसम्पर्क, मुखिया कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

### अधूरे कार्य को जल्द करूँगी पूरा : अनिता देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



खोड़ाहर पंचायत के निर्वतमान मुखिया खिरोधर यादव की पत्नी एवं मुखिया प्रत्याशी अनिता देवी ने खोड़ाहर, चार माइल, दौरवा एवं कुण्डवा का दौरा कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने अपने मुखिया पति के कार्यकाल की सराहना कर उनके कार्यकाल में किए गए विकास योजनाओं सूची जनता के बीच जारी की। पूरे खोड़ाहर पंचायत के सभी वार्ड में बिना भेद भाव के सैकड़ो विकास कार्य को जमीन पर उतारें हैं। दर्जनों पीसीसी पथ का निर्माण, दर्जनों जल मीनार बनवाएं है जिसका लाभ आज भी ग्रामीण ले रहे हैं। आंकड़ो के अनुसार पंचायत के लगभग 90 फ़ीसदी बिजली के खंभों में स्ट्रीट लाइट लगवाने का काम किया । पंचायत में कुल 180 प्रधानमंत्री आवास को जमीन पर उतारा गया । बीते कार्यकाल में पंचायत के करीब 600 से 700 लाभुकों को पेंशन का लाभ पहुंचाया । पंचायत में कुल 230 नए परिवारों को राशन कार्ड भी बनवाया। पंचायत में लगभग सभी मंदिर मंडप में सोलर लाइट समेत रा.ेशनी पहुंचाने का काम भी किया । पंचायत में कुल लगभग 140 सोलर लाइट लगवाया ,। –स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के तहत लगभग 500+ शौचालय बनवाने का भी काम किया गया। यही वजह है कि खोड़ाहर की जनता मुखिया के कार्यकाल की प्रसंशा कर रहे हैं।।

## विश्व एथलेटिक्स डे मनाया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा गंगपाचो स्थित प्लस टू मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में विश्व एथलेटिक्स डे के अवसर पर खेलकूद प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया उद्घाटन विद्यालय निदेशक आई.पी. भारती ने किया।निदेशक आई.पी भारती ने कहा कि खेलकूद से बच्चों में बौद्धिक व शारिरिक का सर्वांगीण विकास होता है।प्रतिस्पर्धा में बच्चों के बीच 100मीटर दौड़,200मीटर दौड़, श०ट पुट जेवलिन थ्रो आदि का आयोजन किया गया।विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय निदेशक ने पुरस्कृत किया। विजयी प्रतिभागी आशीष यादव, पुरुषोत्तम यादव, करन कुमार, अरुण कुमार, उज्जवल किशोर,आकाश साव,आकाश यादव, चन्दन राणा, खुशबू कुमारी, मनीषा कुमारी, काजल कुमारी को स्वर्ण पदक, रजत पदक से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में खेल शिक्षिका पूनम कुमारी, शिक्षक भानु प्रताप सिंह, कुलदीप पासवान, काशीनाथ महतो,आशीष कुमार झा ,संजय कुमार यादव, राजीव कुमार मोदी समेत शिक्षक वृंद शामिल थे।












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जीप प्रत्याशी बिमला देवी के पक्ष में तिलैया बस्ती में चला जनसंपर्क, समर्थन का मिला आश्वासन



ग्रामीणों के साथ बैठक करते रामचन्द्र यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही मध्य भाग संख्या 05 के जिला परिषद उम्मीदवार बिमला देवी के पक्ष में समा. जसेवी रामचन्द्र यादव ने तिलैया बस्ती में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीण समस्या एवं चुनाव पर चर्चा किया गया। ग्रामीणों ने बताया है कि अक्सर चुनाव के समय प्रत्याशी बड़े बड़े वायदे करते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद गायब हो जाते हैं। हमारी समस्या ज्यों का त्यों बना रहता है। जिसके कारण वैसे जन प्रतिनिधियों के प्रति असंतोष पनपता है। यही हाल वर्तमान में देखा जा रहा है। लेकिन एक बार हम सब बिमला देवी पर पर विश्वास कर रहे है। इस बार इन्हें हम सभी का समर्थन मिलेगा। रामचन्द्र यादव ने आश्वासत करते हुए कहा कि जनता से किये गए वायदों को नही भूलनी चाहिए। हमारा प्रत्याशी जनता से किए गए वायदों को जरूर पूरा करेगी। मौके पर कुमार यादव ,अजीत कुमार यादव ,राहुल यादव ,सरवन यादव, प्रदीप यादव ,राजदेव यादव ,संदीप यादव, शंकर यादव, धीरज यादव ,संजय पासवान, प्रयाग यादव, किशन यादव ,परमेश्वर यादव ,संदीप कुमार ,सुरेंद्र कुमार यादव, महादेव यादव ,बालकी यादव ,अमृत यादव आदि लोग मौजूद थे।



## आपसी विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पदमा प्रखंड अंतर्गत महकोल बिहारी निवासी फुलवा देवी उम्र 37 वर्ष पति स्व छत्रु महतो आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पीड़ित महिला का इलाज किया गया।



APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी




## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोइया धमना में सी सी ए के तहत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना में आज के सी सी ए के तहत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दो से लेकर कक्षा दसवां तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी बच्चों ने अलग-अलग विषय क्षेत्र में भाग लिया कुछ बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया कुछ भाषण प्रतियोगिता में तो कुछ बच्चो ने कविता के माध्यम से अपनी प्रतिभा को दिखाया। कुछ अपने संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा को बिखेरे और जूनियर सेक्शन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ड्राइंग, कविता और संगीत के माध्यम से सबका मनोरंजन किया। वहीं सीनियर सेक्शन में ड्राइंग प्रतियोगिता में जिब्राइल अंसारी कक्षा छठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कृष्णा कुमार कक्षा छठा द्वितीय स्थान एवं खुशी कुमारी कक्षा 7 ने तृतीय स्थान प किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भारती कुमारी कक्षा आठवां और द्वितीय स्थान सनी कुमारी कक्षा 8 ने प्राप्त किया! संगीत प्रतियोगिता में कृष्णा कुमार कक्षा आठवां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान प्रिंसी रानी कक्षा दसवां ने प्राप्त किया एवं गुलसमा प्रवीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में जेनब प्रवीण कक्षा छठा ने प्रथम स्थान, मनीषा कुमारी कक्षा आठवां द्वितीय स्थान, एवं सुमन कुमारी छठा तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर सेक्शन में ड्राइंग प्रतियोगिता में पीयूष कुमार कक्षा पांचवा ने प्रथम स्थान प्राप्त, राजन कुमार कक्षा पांचवा द्वितीय स्थान एवं सेलिना प्रवीण कक्षा तीसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही पोयम कंपटीशन में अंकुश कुमार कक्षा दो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंश कुमार राज कक्षा दो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सौरभ कुमार कक्षा दो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया! प्रतियोगिता का एकमात्र उद्देश्य था बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा जो किसी भी रूप में हो वह बाहर आए! कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने प्रतियो. गिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को देखकर उनकी प्रशंसा की उन्होंने बच्चों को बधाइयां देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा स्पेशल होता है उनमें एक विशेष प्रतिभा होती है इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर बौद्धिक शारीरिक और तार्किक क्षमता का विकास होता है। बच्चों में सहभागिता बढ़ती है हमारे विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक गति. विधियों के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक क्रियाकलाप मे बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। मौके पर उपस्थित विद्यालय के निर्देशक महोदय टुकलाल साव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है !कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र प्रसाद, विभा शर्मा , डिंपल कुमारी, अजय कुमार, नरेश कुमार, श्वेता राजलक्ष्मी ,सरिता कुमारी, कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी, सपना कुमारी, सविता कुमारी, शीला कुमारी इत्यादि शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## युवाओ पर है भरोसा, जीत में निभाएंगे अहम भूमिका : महेंद्र साव

### जगदीशपुर पंचायत में बाईक रैली निकाल कर जीप उम्मीदवार ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग दो से उम्मीदवार महेन्द्र साव ने अपने चुनावी अभियान गति दिया। जगदीशपुर पंचायत में बाइक रैली निकाल कर महेंद्र साव ने जनसम्पर्क अभियान चलाया। बाइक रैली में सड़कों युवक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सम्बो. धित करते हुए उम्मीदवार महेंद्र साव ने कहा कि युवा देश के रीढ़ है। भारत युवाओ का देश है। कहा युवाओ पर मुझे भरोसा है, युवा हमारी जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। श्री साहू ने कहा कि हम अपने जिला परिषद क्षेत्र में घूम रहे है लोगों से मिल रहे है, जहां जाते है युवाओ का भरपूर साथ मिल रहा है। महेंद्र साहू ने जनता से अपील किया कि आप वैसे उम्मीदवारो को वोट दे जो आपके सुखदुःख में साथ रहे। कहा अगर जनता हमे एक बार जिला परिषद सदस्य बनने का मौका देती है तो हम सबके मान सम्मान का ख्याल रखूंगा व हर पल हर समय जनता के साथ खड़ा रहूंगा। मालूम हो कि जिला का सबसे हॉट सीट माने जाने वाला चौपारण भाग दो से कई उम्मीदवार अपने अपने पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाकर जीत का दम भर रहे है। महेंद्र साव का मानना है की मुझे हरेक जाती समाज से मदद मिल रहा है। एक ही पार्टी से चार उम्मीदवार खडा होने के सवाल पर महेंद्र साव ने कहा कि चुनाव लड़ने की लिए सब कोई स्वत्रंत है। कहा हम अपने एजेंडे के साथ जनता के बीच जा रहे है और भरपूर जनसम. र्थन मिल रहा है।।

## चौपारण मुखिया ने पिंकी देवी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान, माँगा वोट

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पहले चरण का प्रचार प्रसार अब जोर पकड़ने लगा है। उम्मीदवार अपने अपने पक्ष में वोटरों को रिझाने में लगे है। इसी कड़ी में चौपारण पंचायत के वर्तमान मुखिया बिनोद सिंह उम्मीदवार पिंकी देवी के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाकर माँग जनसमर्थन। मुखिया बिनोद सिंह ने कहा मेरे अधूरे कार्यो को आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी अब पिंकी देवी के हाथों में है। कहा जनता का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। वही उम्मीदवार पिंकी देवी ने कहा कि सभी वर्गो का मिल रहा है जनसमर्थन। इस दौरान पिंकी देवी ने बिगहा व चौपारण के भिन्न भिन्न टोला मुहल्ला में जाकर जनता से अपने पक्ष में वोट देने का अपील किया। कहा बिगहा वासियो के साथ पारिवारिक व आत्मीय लगाव है, एक बुलावे पर हमारे पति आपके बीच पहुँच कर आपके हर समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर रहते है। मालूम हो कि पूरे प्रखण्ड में चौपारण मुखिया बिनोद सिंह पूरे पांच वर्षो के कार्यलय में चर्चित चेहरे के रूप में जाने गए। हमेशा सुर्खियों में रहने वाले बिनोद सिंह अपनी पत्नी पत्नी पिंकी देवी के जीत के प्रति आस्वस्त है।




## ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का आज से प्रारंभ

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




आज से गिरिडीह के चिन्हित परिक्षा केंद्रों पर ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए परिक्षा प्रारंभ हुई। उच्च विद्यालय पचंबा में कुल 73विद्यार्थियों को परिक्षा में उपस्थित होना था लेकिन एक विद्यार्थी अनुप. स्थित रहने के कारण 72विद्यार्थियों ने परिक्षा दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक केशव कुमार ने कहा कि कदाचार मुक्त परिक्षा संचा. लित है। परिक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल, बैग जैसे कोई भी अतिरिक्त वस्तुओं को नही ले जाने का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। आज प्रथम पाली की परिक्षा 11बजे से 12बजे तक चली। परिक्षा केंद्र में प्रतिनियुक्त शिक्षक पूरी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाते दिखे। शांतिपूर्ण तरीके से परिक्षा संपन्न हो गई।

## ईस्ट जॉन वेट्रेन क्रिकेट जमशेदपुर में खेले गए गिरिडीह धनबाद मैच टाई

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




कीनन स्टेडियम जमशेदपुर में वेट्रेन प्लेयर का ईस्ट ज०न ट्रॉफी मैच चल रहा है,जिसमे, गिरीडीह, जमशेदपुर ,घनबाद, चाईबासा,आसनसोल,कलिंगा उड़ीसा की टीम खेल रही है,गिरिडीह ने शुक्रवार को मैच में शुरुआती तौर पर 10 ओवर में 72 रन का लक्ष्य धनबाद को दिया इस 72 रन में ओपनिंग करने गए गिरिडीह के कप्तान पूर्व क्रिकेटर राजेश सिन्हा और अमित रंगराजन की जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत दी अमित रंगराजन बिना वोट हुए 43 रन का योगदान दिया जिसमें 1 छक्का और 7 चौका शामिल है जबकि रा. जेश सिन्हा 15 गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हुए, आलोक कुमार ने एक छक्के की मदद से 15 रन बनाया।जबाब में खेलने उतरी घनबाद की टीम द्वारा जबरजस्त टक्कर देते हुए अंतिम गेंद में 72रन बनाकर बराबरी पर रहीऔर इस तरह से मैच टाईं हो गया,पॉइंट के हिसाब से अब आगे फैसला होगा,जबकि घनबाद का 5 विकेट गिर चुका था,वही गिरिडीह का एक विकेट गिरा था। गिरिडीह की और से उमेश राउत,आलोक,अमित, मनीष और सुमित ने अच्छी बो. लिंग की,जबकि प्रबल कंडुलना,बबलू शर्मा,मनीष सिंह,अमित,सुमित ने अच्छा प्रर्दशन किया ।

ज्ञात हो कि 40 से ज्यादा उम्र के प्लेयर को ही इसमे इन्ट्री था,इस टूर्नामेंट में गिरिडीह के पूर्व क्रिकेटर सह गिरिडीह के कप्तान श्री सिन्हा ने कहा कि जल्द गिरिडीह में होगा ऐसा टूर्नामेंट होच, हरेक गेम करेंगे,जिससे मेल -मिलाप कर कर सके पुराने प्लेयर,श्री सिन्हा ने कहा कि पूर्व रणजी खिलाड़ी श्री अविनाश कुमार का प्रयास रंग लाया,पुराने प्लेयर की खुशी देखते बन रही थी,वही क्रिकेट संघ के संतोष तिवारी और रमेश यादव ने कहा कि गिरीडीह का खेल में जो नाम है उसमें और चार चांद लगाना है,कैसे बेहतर होगा इसके लिए सब को आगे आना होगा।

## प्रेमिका के नानी को गोली मारकर हत्या में फरार चल रहे प्रेमी को एक अन्य अपराधी के साथ किया गिरफ्तार, एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**


मृतिका दुलारी देवी का फाइल फोटो

गिरिडीह जिले के तीसरी प्रखंड में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के नानी को गोली मारकर हत्या के मामले में फरार चल रहे प्रेमी राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसकी जानकारी एसपी अमित रेनू ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दी है। गिरफ्तार प्रेमी का नाम राहुल कुमार है जो बिहार लखीसराय का रहने वाला है। वहीं दूसरा गिरफ्तार व्यक्ति परदेसी साहू है जो बिहार के लखीसराय का ही रहने वाला है। इनके पास से एक देसी कट्टा, 315 बोर का एक जिंदा कारतूस और 315 बोरा का खाली खोखा बरामद किया गया है। आपको बता दें कि 28 अप्रैल को लगभग 1:00 बजे रात में तीसरी थाना के अंतर्गत चंदौरी में एक तरफा प्यार में पड़े प्रेमी राहुल कुमार ने अपनी प्रेमिका को अपहरण करने के नियत से घर में घुसा जहां पर लड़की के नानी के द्वारा विरोध किया गया तो प्रेमी ने गोली चला दी। जिसके बाद लड़की की नानी घायल हो गई और उनकी मृत्यु हो गई थी। इसी घटना को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो की अगुवाई में एक सप्ताह के अंदर इस मामले का उद्भेदन कर लिया गया और इस कुकृत्य अपराध में शामिल दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बिरनी :-स्क्रूटनी के बाद 19 मुखिया ओर 3 वार्ड सदस्यों उमीदवार ने अपना नामांकन को लिया वापसी

वही मुखिया पद के 19 प्रत्यासी का नामांकन को वापसी ले लिया गया पंचायत चुनाव के महा. संग्राम में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने अलग-अलग पदों पर नामांकन कराया है। अभी तक 19 मुखिया वा 3 वार्ड सदस्य ने अपना नामांकन को वापस ले लिया है। निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अशोक कुमार राम ने बताया कि नामांकन पत्रों की वापसी का कार्य चल रहा है वही बताया कि मुखिया पद के लिए 28 पंचायतों में 240 मुखिया प्रत्याशियों का नामांकन बचे थे जिससे आज 19 मुखिया प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा को वापसी ले लिया है । निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिक. ारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि वार्ड सदस्य के 28 पंचायतों के स्क्रूटनी का कार्य करने के बाद कुल 584 वार्ड सदस्य प्रत्यासी का स्क्रूटनी के बाद नामांकन बचे थे जिसमे शुक्रवार को 3 वार्ड सदस्य ने अपना नामांकन पर्चा को वापसी ले लिया है।

## प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मीडिया को दी तिसरी गोलीकांड उद्भेदन की जानकारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज शनिवार को नया समाहरणालय भवन में गिरिडीह पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि तिसरी थाना क्षेत्र में 28/04/2022को समय करीब एक बजे रात में तिसरी थाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम चंदौरी स्थित नरेश साव के घर में कुछ अपराधियों ने गोली चलाया है जिसमे एक महिला जख्मी है। इस सुचना का दैनिकी संख्या 04/22दिनाक28/04/2022दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही हेतु घटना स्थल के लिए थाना प्रभारी तिसरी सशस्त्र बल के साथ प्रस्थान किया। घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई है और एक महिला जख्मी पड़ी है। गोली लगने से महिला का बायां हांथ एवं पेट बुरी तरह से जख्मी हो गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी महिला दुलारी देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी भेजा गया तथा वहीं पर पीड़िता का फर्दबायन लिया गया जिसके आधार पर तिसरी थाना कांड संख्या 34/22दिनाक28/04/2022धारा342/323/324/307/452/365/511/34 भा.द.वि. तथा 27आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार पिता अरुण कुशवाहा सकिन पुनाडीह, परदेसी साव पिता स्वर्गीय भोला साव सकिन रामतलीगंज दोनो थाना कजरा जिला लखीसराय (बिहार) तथा एक अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। पीड़िता दुलारी देवी की इलाज के दौरान रांची रिम्स अस्पताल में मृत्यू हो गई। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरिमहुआ के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया।



मानवीय एवं तकनीकी सहयोग से गोली कांड का त्वरित अनुसंधान करते हुए कांड के दोनो मुख्य प्राथ. मिकी अभियुक्तों राहुल कुमार उम्र 25वर्ष और परदेशी साव उम्र 24वर्ष को दिनांक 06/05/2022को गिरफ्तार किया गया। दोनो अभियुक्तों ने अपने अपराध को स्वीकार किया तथा अपराध स्वीकृति बयान के आधार पर घटना को अंजाम देने मे प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस 315बोर का और एक खाली खोखा 315बोर का।

## मिडिया कर्मियों के लिए स्पेशल ए ओ एल प्रोग्राम का समापन

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




मिडिया कर्मियों के लिए विशेष रुप से आयोजित छः दिवसीय स्पेशल ए ओ एल प्रोग्राम का आज समापन हो गया। आक. ाशवाणी हजारीबाग के कर्मियों और अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।इस शिविर के माध्यम से व्यक्ति में शारी. रिक, मानसिक और भावनात्मक स्तर पर लोगों को मजबूत किया जाता है ।शरीर के सातों स्तर पर एक साथ कार्य करना इस कार्यशाला की विशेषता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपनी राय व्यक्त की और इसके फायदे बताये। आकाशवाणी प्रमुख श्री अभ्रो चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार चलाते रहने कि आवश्यकता है ।इससे समाज में लोगों को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए एक सही मार्गदर्शन मिलता है। लोगों में अच्छे चरित्र का निर्माण होता है। डिप्रेशन, आदि शारीरिक व्याधियां नियंत्रण में आ जाती है ।इस कार्यक्रम में सेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत भिक्षुको को नहाने का साबुन और कपड़े धोने का पाउडर प्रदान किया गया तथा सफाई के महत्व को समझाया गया ।इस कार्यक्रम में अनामिका सिंह, अंजली सिन्हा, ममता प्रसाद, विश्वनाथ सोनी,अतुल प्रियदर्शन, आंचल अग्रवाल, सविता देवी,गीता अग्रवाल,आयुष राज, अनिता जैन आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा एवं तारकेश्वर सोनी द्वारा किया गया।

## जीप उम्मीदवार संतोषी देवी ने अपने पक्ष में माँगा जनसमर्थन

### जनता का आशीर्वाद मिला तो बदल दूँगी भाग तीन का तस्वीर : संतोषी देवी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




जिला परिषद भाग तीन से उम्मीदवार संतोषी देवी ने अपने पक्ष में जनसपंर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में माँगा वोट। संतोषी देवी ने जनता से अपील किया कि आप अपने मत का प्रयोग सोच समझ करें। जनता का वोट लेकर जनता से दूर चले जाने वाले उम्मीदवार से सावधान रहे। कहा जनता अगर हमे एक बार मौका देती है तो हम जिला परिषद भाग तीन का तस्वीर बदल दूँगी। कहा सभी वर्गो का जनसमर्थन मिल रहा है इस बार चुनाव में हमारी जीत तय है। संतोषी देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे समाजसेवी सीताराम रविदास ने कहा कि संतोषी देवी के पक्ष में आपार जनसहयोग मिल रहा है। जनता परिवर्तन के मूड में है इस बार बदलाव होगा और सन्तोषी देवी के पक्ष में वोट पड़ेगा। उम्मीदवार संतोषी देवी ने इस दौरान सिंघरावां पंचायत के लेढिया, हजारी, नया सिंघरावां आदि गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में वोट का मांग किया।

## बादाम पंचायत से मसोमात तारा देवी ने मुखिया प्रत्याशी के रूप में दावेदारी पेश किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

सबसे अधिक जनसंख्या वाली पंचायत बादम पंचायत से मसोमात तारा देवी( पति स्वर्गीय मनोज राम) ने मुखिया पद के लिए नामांकन कर अपनी दावेदारी पेश किया है।


मसोमात तारा देवी

उन्होंने कहा कि अगर मैं चुनाव जीती तो पंचायत के विकास के लिए मैं किसी से समझौता नहीं करूंगी। सभी को समान रूप से मान सम्मान दूंगी एवं शिक्षा हरियाली और विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा।

APEM LIVE









दिनांक: 07-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 12

## मुखिया में 200 तथा वार्ड सदस्य में 469 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

### विष्णुगढ़ में 127 वार्ड सदस्य निर्विरोध घोषित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूर्ण करते निर्वाची पदाधिकारी समेत अन्य

विष्णुगढ़ प्रखंड में नाम वापसी के अंतिम दिन कई मुखिया एवं वार्ड सदस्य पद के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस लिया। शनिवार को मुखिया पद के लिए अंतिम रूप से 22 उम्मीदवार तथा वार्ड सदस्य पद के 17 उम्मीदवारों ने नामांकन वापसी की। नामांकन वापस करने वाले उम्मीदवारों में भेलवारा से कुंती देवी तथा लक्ष्मी देवी, नवादा से रशीदा खातुन, बकसपुरा से जोधा महतो, धनेश्वर महतो, रूपलाल महतो, राजिदा खातुन तथा सकिना खातुन, विष्णुगढ़ से खुशबू देवी पति सुधीर रविदास तथा शकुन देवी पति खोसलाल राम, चेडरा से रंजीत गुप्ता, गैड़ा से शबनम आरा, सारूकुदर से नंदलाल महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो, मड़मो से आरती देवी, गेन्दिया देवी, जोबर से गीता कुमारी, जीवाधन महतो, टे. कामन महतो तथा सुंदर महतो, नरकी से अशोक गंझू तथा अंतु रविदास शामिल हैं। नामांकन वापसी के बाद प्रखंड के भेलवारा से 6, खरना से 13, गोविन्दपुर से 8, कुसुंभा से 10, नवादा से 12, बकसपुरा से 12, विष्णुगढ़ से 4, चेडरा से 6, बेड़ा हरियारा से 9, गैड़ा से 8, अलपीटो से 7, बरांय से 17, सिरैय से 7, अचलजामो से 11, करगालो से 8, बनासो से 16, चानो से 5, सारूकुदर से 6, मड़मो से 3, जोबर से 8, गाल्होबार से 9, नागी से 6, नरकी से 5 तथा खरकी पंचायत से 4 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बच गए हैं। बता दें कि प्रखंड के 24 पंचायतों से मुखिया पद के विरूद्ध 225 अभ्यर्थियों ने नामांकन कराए थे। जिसमें तीन नामांकन अस्वीकृत किए गए। अब विष्णुगढ़ प्रखंड में मुखिया पद के कुल 200 उम्मीदवार मैदान में बच गए हैं। वहीं, वार्ड सदस्य पद 312 पदों के विरूद्ध 632 नामांकन हुए थे। जिसमें 19 प्रपत्र अस्वीकृत किया गया। तीन सीटें खाली रह गई। जिसमें 127 वार्ड सदस्य निर्विरोध पाए गए। 17 अभ्यर्थियों ने नाम वापसी की। अब 182 सीटें में 469 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा।

## विष्णुगढ़ में जिप सदस्य के दो उम्मीदवारों ने की नामांकन वापसी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ प्रखंड में जिला परिषद सदस्य की तीन सीटें विष्णुगढ़ पूर्वी, पश्चिमी तथा मध्य सीट है। इन सीटों के विरूद्ध नामांकन कराए उम्मीदवारों में शनिवार को दो उम्मीदवारों ने अपने नामांकन प्रपत्र वापस ले लिए। नामांकन प्रपत्र वापस लेने वाले उम्मीदवारों में विष्णुगढ़ पश्चिमी से सरिता कुमारी तथा विष्णुगढ़ मध्य सीट से मिश्रीलाल आजाद शामिल हैं। अब विष्णुगढ़ पश्चिमी सीट से गायत्री देवी, गंगिया देवी तथा दीपिका कुमारी तथा रीता दूबे के बीच मुकाबला होगा। विष्णुगढ़ मध्य सीट से धीरज कुमार यादव, यशोदा देवी, शेख तैयब, राजेन्द्र कुमार महतो, लीलो महतो, सिकंदर कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, अनिल राय चुनावी मैदान में हैं। वही, पूर्वी क्षेत्र से किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। विष्णुगढ़ पूर्वी सीट से चंद्रनाथ भाई पटेल, मिथिला पटेल, दिबीराम हेम्ब्रम, राजेन्द्र मंडल, सरयू पटेल, रामलाल सोरेन, सुरेश मुर्मू, नीलू तुरी, चेतलाल महतो, पूरन महतो तथा टेकोचंद महतो चुनावी मैदान में डटे हैं।

## प्रखंड़ में मुखिया पद के लिए सबसे ज्यादा बड़कागांव मध्य से 13 एवं सबसे कम उरीमारी पंचायत से 2 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया

### प्रखंड में 3 जिला परिषद ,23 मुखिया, 27 पंचायत समिति सदस्य एवं 274 वार्ड सदस्य पद के लिए चुनाव होना है

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के 23 पंचायत में कुल 166 मुखिया के अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसमें 76 पुरूष और 90 महिला प्रत्याशी शामिल हैं। सबसे अधिक बड़कागांव मध्य पंचायत में 13 और सबसे कम उरीमारी पंचायत में मात्र 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। कौन सी पंचायत में कितना मुखिया प्रत्याशियों ने किया नामांकन। क्रमबद्ध सिंदवारी पंचायत से कुल 4, डाडीकला पंचायत से 11, चेपाकला पंचायत 7, बडकागांव पश्चिमी पंचायत से 8, सिकरी पंचायत से 9, सिरमा पंचायत 8 , बडकागांव पूर्वी पंचायत 11, कांड. तरी पंचायत से 6, साढ पंचायत से 6 ,चंदौल पंचायत से 6 ,महुंगा. ईकला पंचायत से 6, गा. न्दलपुरा पंचायत से 9, बादम पंचायत से 6, पोटंगा पंचायत से 7, हरली पंचायत से 6, नयाटांड पंचायत से 3 ,चोपदार बलिया पंचायत से 6, नापोखुर्द पंचायत से 8 ,तलसवार पंचायत से 8, आंगो पचायत से 5 , गरसुला पंचायत से 5, उम्मीदवार मैदान में है स वहीं वार्ड सदस्य पद के लिए कुल 540 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें 337 महिला एवं 203 पुरुष प्रत्याशी शामिल है।चुनाव कर्मियों के द्वारा प्रत्याशियों के स्कूटनी का कार्य 7 मई से की जा रही है जो 9 मई तक जारी रहेगा।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर किया गया वाहन चेकिंग

### दो पहिया सहित सैकड़ों चार पहिये वाहनो की किया गया जाँच

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर राजपुर थाना के समीप बी के प्लस टू उच्च विद्यायल के पास प्रखण्ड प्रशासन एवं रा. जपुर थाना प्रभारी विकास पासवान के द्वारा बनाए गए अस्थाई बैरिकेटिंग में शनिवार को दर्जनो छोटी बड़ी गाड़ियों की जांच की गई।जांच अभियान में लगाए गए बिनोद पा. सवान ने कहा कि वाहनों की जांच में सभी मुख्य बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रहा है।वाहन जांच में सहायक पुलिस भी उपस्थित थे।













डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार